नर सेवा नारायण सेवा

# मासिक वृतांत

दिसम्बर 2021 | संस्करण. 2 | अंक. 9 |



# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## दिसम्बर 2021

स्वामी विवेकानन्द जी की 159वीं जयंती के शुभ अवसर पर SVHM सोसाइटी द्वारा "जन संपर्क अभियान" का आयोजन किया गया।

# माह विशेष

## 10 दिसम्बर 2021 से साधना केंद्र आश्रम, डुमेट स्थित उदासीनाचार्य श्रीचंद्र चैरिटेबल हॉस्पिटल SVHM सोसाइटी का 11वां चिकित्सालय बना ।




साधना केंद्र आश्रम, श्रीचंद्र स्वामी उदासीन जी द्वारा स्थापित एक आध्यात्मिक केंद्र है, जो ध्यान, साधना एवं सत्य की खोज के लिये प्रतिबद्ध और समर्पित साधकों के लिए एक अभ्यास स्थान है। 1970 में स्वामी जी द्वारा स्थापित यह आश्रम धर्मार्थ संगठन सीकर्स ट्रस्ट द्वारा संचालित है।

अपनी आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ, आश्रम कई तरह से गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करता रहा है, खासकर शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में। आश्रम एक धर्मार्थ विद्यालय के साथ-साथ एक धर्मार्थ चिकित्सालय भी संचालित कर रहा है और इसके अलावा, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सहायता और राहत, गरीबों के लिए घरों की मरम्मत और निर्माण, सार्वजनिक उपयोगिता कार्यों, जरूरतमंदों को वित्तीय सहायता जैसी कई धर्मार्थ गतिविधियाँ करता है। छात्रों, गरीबों और निराश्रितों को आवश्यक वस्तुओं और राशन का वितरण, सिलाई और कंप्यूटर शिक्षा, कोचिंग कक्षाओं आदि में निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना भी इसमे शामिल है। यह आश्रम नियमित रूप से सोसाइटी के स्वास्थ्य परियोजनाओं में सहयोग करता रहा है।

पूज्यनीय श्रीचंद्र स्वामी उदासीन जी के आग्रह पर, SVHM सोसाइटी ने 10 दिसंबर 2021 से साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, विकासनगर, देहरादून स्थित उदासीनाचार्य श्रीचंद्र चैरिटेबल हॉस्पिटल का संचालन अपनी देख रेख में लिया। इस चिकित्सालय में एक जनरल ओ.पी.डी., एक दंत विभाग, लैब जांचे और निःशुल्क फार्मेसी की सुविधा उपलब्ध है।

## 9 दिसम्बर: हरिद्वार चिकित्सालय की टीम द्वारा एम्स, दिल्ली का भ्रमण



हरिद्वार चिकित्सालय टीम ने एकीकृत चिकित्सा के सिद्धांतों और प्रोटोकॉल को समझने के लिए एम्स, नई दिल्ली के व्यास-दिल्ली (S-VYASA Yoga Deemed University की शाखा) और सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च (C.I.M.R.) का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य एक शोध आधारित पायलट परियोजना शुरू करना है जो हमें हमारे रोगियों को साक्ष्य आधारित प्रोटोकॉल के साथ उपचार करने में सहायता प्रदान करेगा साथ ही एकीकृत चिकित्सा की पद्यति अपनाने में सक्षम बनाएगा ।



S-VYASA, AIIMS दिल्ली की टीम के साथ हरिद्वार चिकित्सालय की टीम

## 9 दिसम्बर से हरिद्वार चिकित्सालय में नेत्र विभाग एवं हड्डी रोग विभाग की सेवाएँ नियमित रूप से पुनः प्रारंभ हो गयी।



डॉ. सुलभ गोयल, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ,



डॉ. चिराग आर. वडेरा, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ।

इस माह हरिद्वार चिकित्सालय में 12 मोतियाबिंद एवं 5 हड्डी रोग से संबंधित ऑपरेशन किये गये।

## पेटशाल: सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल कॉलेज, अल्मोड़ा द्वारा एक सराहनीय पहल।





सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल कॉलेज, अल्मोड़ा से दो डॉक्टर, डॉ. हिमानी जेलखानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ और डॉ. प्रियांक गोयल, चेस्ट स्पेशलिस्ट सप्ताह में एक बार (शनिवार) पेटशाल चिकित्सालय में अपनी सेवायें देंगे । सोसाइटी इसके लिए संस्थान का सहृदय आभार व्यक्त करती है।

## 19 दिसम्बर: पीपलकोटी चिकित्सालय में शीतकालीन वस्त्र एवं कंबल वितरण शिविर





पीपलकोटी चिकित्सालय में शीतकालीन वस्त्र एवं कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के आयोजन में डॉ. इलयांगो (वरिष्ठ फिजीशियन, पीपलकोटी चिकित्सालय) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रामकृष्ण मिशन की ऋषिकेश शाखा द्वारा 300 ऊनी कंबल और 200 गर्म जैकेट पीपलकोटी और उसके आसपास रहने वाले वंचित और गरीब लोगों में वितरित किये गये।

# माह विशेष

## धर्मावाला : 22 दिसम्बर टी.बी. पर सत्र



डॉ. मनोज वर्मा (जिला क्षय रोग अधिकारी, देहरादून) द्वारा टी.बी. पर सत्र।

**डॉ. मनोज वर्मा (जिला क्षय रोग अधिकारी, देहरादून) द्वारा "राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम" पर एक अभिमुखीकरण सत्र लिया गया। इस सत्र में उनके द्वारा टी.बी. रोग की रोकथाम के लिए भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गयी। इस सत्र में धर्मावाला चिकित्सालय के सभी डॉक्टर और स्टाफ ने प्रतिभाग लिया ।**



डॉ. मनोज वर्मा को डॉ. अनुज सिंघल (सचिव, SVHM सोसाइटी) द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।

## पेटशाल : 26 दिसम्बर ऑपरेशन शिविर



**पिछले दो वर्षों से उनके मासिक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस माह भी रुद्रपुर से डॉ. अजय अग्रवाल, वरिष्ठ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन और डॉ. मनोरंजन पंत, वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट की टीम द्वारा पेटशाल चिकित्सालय में ऑपरेशन शिविर का आयोजन कर पांच मेजर सर्जरी की गई।**



डॉ. अजय अग्रवाल, वरिष्ठ जनरल एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जन और डॉ. मनोरंजन पंत, वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट के नेतृत्व में ऑपरेशन होता हुआ ।

## पेटशाल : 4 और 24 दिसम्बर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारीयों का भ्रमण




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी: श्री महेंद्र जी, क्षेत्रीय प्रचारक; श्री युद्धवीर जी, प्रांत प्रचारक और श्री देवेंद्र जी, सह प्रांत प्रचारक स्टाफ के साथ वार्तालाप करते हुए।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी: श्री पराग अभ्यंकर जी, अखिल भारतीय सेवा प्रमुख; श्री धनीराम जी, क्षेत्रीय सेवा प्रमुख; श्री पवन जी, प्रांत सेवा प्रमुख और श्री इंद्रमोहन जी, विभाग प्रचारक स्टाफ के साथ बैठक करते हुए।

**माननीय अतिथियों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए और साथ ही ऐसे दूरस्थ, पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण, वंचित और जरूरतमंद आबादी को चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं और सेवाओं के लिये भूरि-भूरि प्रशंसा की।**

## धर्मावाला: 22 और 27 दिसम्बर वेबिनार सत्र




वेबिनार सत्र का स्नेपशॉट्

**डॉ. संजय शाह, वरिष्ठ फिजीशियन, स्वामी रामप्रकाश चैरिटेबल हॉस्पिटल, हरिद्वार द्वारा एंटीबायोटिक के सही एवं सटीक उपयोग पर दो दिन वेबिनार सत्र का आयोजन किया गया। इन जानकारीपूर्ण वेबिनार सत्रों में SVHM सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों के समस्त चिकित्सकों की प्रतिभागिता रही।**


# माह विशेष

## 28 से 31 दिसम्बर
## धर्मावाला : जन सम्पर्क अभियान

12 जनवरी 2022 को स्वामी विवेकानन्द जयंती के शुभ अवसर पर , SVHM सोसाइटी ने अपने सभी चिकित्सालयों द्वारा घर-घर जाकर "जन संपर्क अभियान" चलाने का निर्णय किया, जिसका उद्देश्य समुदाय को सोसाइटी के विजन और मिशन के बारे में तथा चिकित्सालयों द्वारा दी जा रही सेवाओं और सुविधाओं से अवगत कराना था। इसके तहत समुदाय में चिकित्सालयों द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं सुविधओं पर बने पत्रक भी वितरित किये गये और सार्वजानिक स्थानो पर बैनर भी लगाये गये। हमारे चिकित्सालयों की सुविधाओं के बारे में समुदाय की प्रतिक्रिया एकत्र करने और हमारी मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं को ओर सुदृढ़ एवं उनमे सुधार करने के लिए इस अभियान के द्वारा एक सार्थक प्रयास किया गया।धर्मावाला चिकित्सालय में चार दिवसीय अभियान 28 दिसम्बर से शुरू हुआ एवं अन्य सोसाइटी के अन्य चिकित्सालयों में 1 जनवरी 2022 से अभियान का शुभारम्भ किया गया।

इस अभियान के दौरान, समुदाय ने हमारे स्टाफ का स्वागत किया और हमारे चिकित्सालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं की प्रशंसा की। हमारे चिकित्सालय की टीम द्वारा उनके घर तक पहुंचने के प्रयासों के लिए सभी ने सहृदय आभार व्यक्त किया। अपनी कृतज्ञता दिखाते हुए, निम्न सामाजिक-आर्थिक एवं अन्य समुदाय ने स्वेच्छा से और खुशी-खुशी दान स्वरुप धन राशि एवं अन्य विविध वस्तुओं का दान भी दिया।







"जन संपर्क अभियान" के तहत बनाये गए बैनर और पत्रक

### उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ): रोगी की प्रतिक्रिया



29 दिसम्बर: व्यासनेहरी गाँव

अभियान के दौरान गाँव की हमारी एक रोगी भावुक हो गई और एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के अपने अनुभव को साझा करते हुए रोने लगी, जिसमें उसके पति की दुर्घटना हो गई थी और हमारे चिकित्सालय में उसका पूरी सेवा भाव से उपचार किया गया था।

रोगी के परिजन की प्रतिक्रिया सुनने के लिए:

यहां क्लिक करें

https://youtu.be/4K63gTgJ01c



28 दिसम्बर: कुंजा गाँव



28 दिसम्बर : सभावाला गाँव



28 दिसम्बर: बद्रीपुर गाँव



28 दिसम्बर: कट्टापत्थर गाँव



28 दिसम्बर: बाडवाला गाँव



28 दिसम्बर: कट्टापत्थर गाँव



28 दिसम्बर: बद्रीपुर गाँव

# माह विशेष

## 28 से 31 दिसम्बर
## धर्मावाला : "जन सम्पर्क अभियान"



28 दिसम्बर: बद्रीपुर गाँव



30 दिसम्बर: डुमेट गाँव



31 दिसम्बर: सोरना गाँव



29 दिसम्बर: हरिपुर गाँव

### धर्मावाला (28-31 दिसम्बर) "जन संपर्क अभियान" के आंकड़े :

**कुल भ्रमण किए गए गांव: 16**
**सम्पर्क किये गये कुल परिवारों की संख्या : 1999**

### चिकित्सालय का फीडबैक:

**बहुत अच्छा: 336 (17 %)**
**अच्छा: 1147 (57 %)**
**औसत: 150 (7.5 %)**
**असंतोषजनक: 84 (4 %)**

**चिकित्सालय के बारे में पता था : 1880 (94 %)**
**चिकित्सालय के बारे मे नहीं पता था : 282 (14 %)**



31 दिसम्बर: सोरना गाँव



29 दिसम्बर: व्यासनेहरी गाँव



31 दिसम्बर: तिपरपुर गाँव



29 दिसम्बर: कुंजा गाँव



31 दिसम्बर: हंडोवाला गाँव



30 दिसम्बर: मेहुवाला गाँव



30 दिसम्बर: डुमेट गाँव



31 दिसम्बर: डांडीपुर गाँव

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## हरिद्वार

**शिविर: 4**

**लाभार्थी: 1141**



5 दिसम्बर

डॉ. शरद पांडे,
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन, नई दिल्ली



5 दिसम्बर

डॉ. मोतीलाल नेगी,
वरिष्ठ फिजीशियन, नई दिल्ली



कुल हुए ऑपरेशन : 4

5 दिसम्बर

डॉ. अभय कुमार,
लेप्रोस्कोपिक सर्जन, देहरादून



5 दिसम्बर

डॉ. अनिल प्रसाद भट्ट,
नेफ्रोलॉजिस्ट, नई दिल्ली



5 दिसम्बर

डॉ. अजीत कुमार कुशवाहा,
ई.एन.टी. सर्जन, नई दिल्ली



5 दिसम्बर

डॉ. प्रियांक अग्रवाल,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेरठ



5 दिसम्बर

डॉ. हिमांशु गरकोटी,
नेत्र सर्जन, नई दिल्ली



5 दिसम्बर

डॉ. सोनल अग्रवाल,(दायें से तीसरे )
नेत्र सर्जन, मेरठ



5, 19 और 26 दिसम्बर

डॉ. राजीव कुरेले,
आयुर्वेदिक चिकित्सक, हरिद्वार



12 दिसम्बर

डॉ. सुनील बलियान,
पल्मोनोलॉजिस्ट, नोएडा



12 दिसम्बर

डॉ. आशीष भूषण,
ई.एन.टी. सर्जन, नोएडा



12 दिसम्बर

डॉ. विपिन,
यूरोलॉजिस्ट, नोएडा

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## हरिद्वार

**शिविर: 4**

**लाभार्थी: 1141**



12 दिसम्बर

शिविर में सेवा देने आये चिकित्सकों के साथ हरिद्वार चिकित्सालय का स्टाफ



19 दिसम्बर

डॉ. राम सुभाग सिंह सैनी,
ई.एन.टी. सर्जन, रुड़की



19 और 26 दिसम्बर

डॉ. नवीन अग्रोही,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, रुड़की



19 और 26 दिसम्बर

डॉ. नितिन कुमार,
जनरल फिजीशियन, देहरादून



26 दिसम्बर

डॉ. अतुल खंडेलवाल,
यूरोलॉजिस्ट, सोनीपत



26 दिसम्बर

डॉ. आरुषि ढिल्लों,
स्त्री रोग विशेषज्ञ, करनाल



26 दिसम्बर

डॉ. विकास ढिल्लों,
ई.एन.टी. सर्जन, करनाल

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## धर्मावाला

**शिविर: 4**

**लाभार्थी: 1060**

**कुल ऑपरेशन : 12 (26 दिसम्बर)**



यूरोलॉजी ऑपरेशन शिविर : 26 दिसम्बर

**यूरोलॉजिस्ट्स की टीम के साथ धर्मावाला की ओ.टी. टीम:** सुपर स्पेशियलिटी सर्जिकल ब्रांच के प्रो. और एच.ओ.डी. डॉ. प्रशांत लवानिया, यूरोलॉजिस्ट, एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा एवं दिल्ली के यूरोलॉजिस्ट्स डॉ. प्रशांत जैन, डॉ. देवप्रिया एवं डॉ. विकास बंसल के नेतृत्व में हो रहा ऑपरेशन।



26 दिसम्बर.

डॉ. मयंक अग्रवाल,
न्यूरो सर्जन, आगरा



26 दिसम्बर.

डॉ. महेश खेतान,
नेत्र सर्जन, देहरादून



26 दिसम्बर.

प्रो. डॉ. एस. के. बख्शी,
वरिष्ठ फिजीशियन, मुजफ्फरनगर



26 दिसम्बर.

प्रो. डॉ. यू.एन. गुप्ता,
वरिष्ठ फिजीशियन, आगरा



26 दिसम्बर.

डॉ. यतिंदर नागयान,
वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ, हरिद्वार



# सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर

## हरिद्वार और नारायणकोटी

## हरिद्वार

शिविर: 8
लाभार्थी: 503

शिविर में आए रोगी जिन्हें अपनी बीमारी का प्रथम बार पता चला :
- उच्च रक्तचाप : 19
- मधुमेह : 8


1 दिसम्बर: पंजनेहरी गाँव


2 दिसम्बर: ओरंगाबाद गाँव


4 दिसम्बर: गढ़ मीरपुर गाँव


6 दिसम्बर: तेलीवाला गाँव


11 दिसम्बर: जसवावाला गाँव


13 दिसम्बर: धनोरी गाँव


15 दिसम्बर: जगजीतपुर गाँव


18 दिसम्बर: गेंडीखाटा गाँव

## नारायणकोटी

शिविर: 4
लाभार्थी: 355

शिविर में आए रोगी जिन्हें अपनी बीमारी का प्रथम बार पता चला :
- उच्च रक्तचाप : 2


20 दिसम्बर: तुलंगा गाँव


22 दिसम्बर: मस्तुरा गाँव


24 दिसम्बर: खोनु कोटमा गाँव


28 दिसम्बर: गुप्तकाशी गाँव



# सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**31 दिसम्बर:** राजकीय प्राथमिक विद्यालय, शाहपुर में "आत्मविश्वास, सीखने की क्षमता, स्वच्छता, एकाग्रता, नैतिक मूल्य और अच्छी आदतें" विषय पर एक समूह परामर्श सत्र आयोजित किया गया।

- प्रतिभागियों की संख्या: 78
- सत्र की अवधि: 1 घंटा
- व्यक्तिगत वार्तालाप: 30 मिनट

78 बच्चों में से 8 बच्चों में डिस्लेक्सिया, डिसग्राफिया और आदत संबंधी विकार पाए गए।

## मासिक सारांश

### सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

- कुल सम्पर्क किये गये घर: *307*
- कुल संपर्क किए गए लाभार्थी: *473*
- कुल पंजीकृत लाभार्थी: *880*

### सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

- कुल सम्पर्क किये गये घर: *117*
- कुल संपर्क किए गए लाभार्थी: *551*
- संदिग्ध मनोरोगी: *49 (पुरुष: 19; महिला: 30)*
- मनोरोगी : *4 (पुरुष: 3 ; महिला: 1)*

### ✦ एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम ✦

नोट: इस माह केवल फॉलोअप किया गया, किसी नए लाभार्थी से संपर्क नहीं किया गया ।

**रेगुलर फॉलोअप**

- संपर्क किए गए लाभार्थी : 463
- उपचाराधीन लाभार्थी
  - रेगुलर : 332 (71.7 %)
  - अनियमित: 125 (27 %)
  - ड्राप आउट: 6 (1.29 %)

**4 माह के बाद फॉलोअप**

- संपर्क किए गए लाभार्थी : 31
- कुल हिमोग्लोबिन जाँच : 31
- हीमोग्लोबिन की स्तर में बढ़ोतरी : 19; पहले जितना: 7
- गिरावट: 5



खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच

### ✦ My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम: ✦

- संपर्क की गई महिलाओं की कुल संख्या: 87
- व्यक्तिगत पुन: परामर्श सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 82
- लाभार्थियों की संख्या: 11
- कुल वितरित reusable cloth pads: 20

### ✦ स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम : ✦

- संपर्क किए गए लाभार्थी: 53
- पुराने: 46
- नये: 7
- रिपोर्ट वितरण: 12
- महिलाओं के लिए निर्धारित दवाओं के नियमित सेवन और उनकी वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में किये गये फॉलोअप : 34
- चिकित्सालय में विजिट और स्क्रीनिंग के लिए पंजीकृत: 5
- स्क्रीनिंग के लिए चिकित्सालय पहुंचीं महिलाएं: 8



फॉलोअप विजिट एवं परामर्श



फॉलोअप विजिट एवं परामर्श



लाभार्थी



माई पैड लाभार्थी



फॉलोअप विजिट


एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम →

My Pad कार्यक्रम →


स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम →

# आंकड़े





नोट: हमारे गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम स्थित तीन चिकित्सालय चार धाम यात्रा सीजन में कार्यरत रहते हैं, तीनो धामों के कपाट बंद होने के कारण वर्तमान में चिकित्सालय कार्यरत नहीं हैं।




केवल धर्मावाला और हरिद्वार में उपलब्ध सुविधाएं




अल्ट्रासाउंड सुविधा केवल धर्मावाला, हरिद्वार और पीपलकोटी चिकित्सालयों में उपलब्ध है। TIFFA (स्तर II) स्कैन केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है।

| चिकित्सालय | सर्जरी (137) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 71 | 14 |
| नारायणकोटी | 0 | 8 |
| बड़कोट | 0 | 13 |
| पेटशाल | 3 | 3 |
| हरिद्वार | 6 | 19 |
| कुल | 80 | 57 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, यूरो, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी

| | |
|---|---|
| पंचकर्म (आयुर्वेद) | 60 |
| सी टी स्कैन | 244 |
| एंडोस्कोपी | 19 |
| इको कार्डियोग्राफी | 19 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 32 |
| ऑडियोमेट्री | 15 |
| मनोवैज्ञानिक परामर्श | 526 |
| जीवन शैली से संबंधित समस्याएं एवं रोग | 333 |
| मानसिक स्वास्थ्य (स्क्रीनिंग, परामर्श और मनोचिकित्सा सत्र) | 115 |
| ऑपरेशन से पहले एवं ऑपरेशन के बाद | 78 |



प्रो. डॉ. सागर लवानिया
वरिष्ठ मनोचिकित्सक, आगरा

## मनोरोग ओ.पी.डी. (टेली परामर्श)

सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को ओर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से धर्मावाला चिकित्सालय में दैनिक मानसिक स्वास्थ्य ओ.पी.डी. शुरू कर दी गई है । चिकित्सालय की मनोविज्ञानी डॉ.शालिनी, दैनिक रूप से डॉ.सागर लवानिया (प्रो. एवं एच.ओ.डी., एफ.एच. मेडिकल कॉलेज, आगरा) से टेली कंसल्टेशन कर रोगियों के आवश्यकतानुसार परामर्श व उपचार में सहयोग करती है।

वीडियो कंसल्टेशन द्वारा परामर्श एवं उपचार किए गए मनोरोगी: 33

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला अस्पताल में उपलब्ध हैं

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 6016 | 129 | 923 | 368 | 41 |
| मनेरी | 68 | 2 | 16 | 2 | 2 |
| नारयणकोटी | 1058 | 83 | 237 | 111 | 23 |
| बड़कोट | 537 | 7 | 227 | 18 | 36 |
| पीपलकोटी | 676 | 21 | 39 | 59 | 5 |
| पेटशाल | 536 | 32 | 145 | 8 | 28 |
| हरिद्वार | 3878 | 59 | 427 | 230 | 17 |
| कुल | 12769 | 333 | 2014 | 796 | 152 |

| 16903 | 137 | 333 | 2014 | 1006 | 12769 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स-रे | अल्ट्रासाउंड | लैब जाँच |

नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड


*For [Domestic Donations]*
*Account details:*
*Swami Vivekanand Health Mission Society*
*A/C No: 32584491256*
*IFSC Code: SBIN0010626*
*Branch Name: CST Herbertpur, Dehradun*

आपका अमूल्य दान



एक वरदान

*For [International Donations]*
*Account details:*
*Swami Vivekanand Health Mission Society Annapoorna*
*A/c No. - 00000040181017724*
*IFSC - SBIN0000691*
*Micr - 110002087*
*Swift Code- SBININB104*
*Branch- New Delhi Main Branch*




जो भी ***N.R.I.*** **/ दानकर्त्ता भारत के अपने खाते से धन राशि ट्रांसफर करने के इच्छुक हैं, कृपया उपर लिखे हुए *SVHM* सोसाइटी के डोमेस्टिक *donation* वाले अकाउंट में ही ट्रांसफर करें।**

**सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।**

**Visit us :**
svhmuk@gmail.com
svhmuk.in
twitter.com/svhmuk/
facebook.com/svhmu/
instagram.com/svhmuk/

## धर्मावाला , देहरादून



## मनेरी, गंगोत्री मार्ग




## नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



## बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग



## पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग



## बद्रीनाथ धाम , चमोली



## पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग



## केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग



## हरिद्वार



## गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी



## साधना केंद्र आश्रम डुमेट, देहरादून

